


# खरपतवार नाशी से नष्ट हुई 7 लाख कीमत की प्याज फसल

## क्षेत्रीय किसानों को लगा डबल बट्टा , रामनगर के गोविन्दपुर गांव का मामला, मैहर कलेक्टर से किया शिकायत

नवभारत न्यूज

**रामनगर 31 मार्च, मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में फसल सुरक्षा के नाम पर जमीन,कृषि व किसानों को खत्म करने का जुगाड़ जारी है,आलम यह है कि क्षेत्र की खाद, बीज,या फसल सुरक्षा केंद्रों पर किसानों को बीज, खाद, खरपतवार नाशी खरीदने पर कोई रसीद देने का प्रावधान नहीं है.**

न ही किसी बीज, खाद या रसायन की कोई गारंटी है,जिसके चलते बाजार में मिलने वाली खेती के चाहे कथित संकरित बीज हो या सर्टिफाइड बीज, रासायनिक उर्वरक हो या जैविक खाद,खरपतवार नाशी हो या पौधों की वृद्धि के लिए टॉनिक हो, शत प्रतिशत गुणवत्ता के नाम पर ठन-ठन गोपाल ही रहते हैं। खबर के अनुसार रामनगर स्थित फसल सुरक्षा केंद्र से देवरामोलहाई, कर्रा, मोहरबा,



गौहनी, गुड़वा ,गोविंदपुर व अन्य ग्रामों के कुछ किसानों ने फसल को खरपतवारों से बचाने के लिए मेटा सल्फ्यूरॉन मिथाइल 20प्रति. डब्लूपी.पी जो एक हर्बिसाइड है जिसका मुख्य रूप से उपयोग खरपतवार नियंत्रण के लिए किया जाता है,एग्रो लाइफ साइंस कारपोरेशन न्यू दिल्ली इसके निर्माता है,इसे पानी मे मिलाकर स्प्रे के रूप में उपयोग करते है,आठ ग्राम के पाउच में सेट कल्टिवो जिंसमे गेंहू की बालियां बनी है,निर्माण तिथि 6 अक्टूबर 2025 व अवसान तिथि 5 अक्टूबर 2027 लिखी है,को पानी में मिलाकर स्प्रे किया गया,किसानों के अनुसार उन्हें फसल सुरक्षा केंद्र के संचालक द्वारा उक्त दवा दी गई थी, जानकारी देने पर मौके पर जाकर भी देखा गया था व क्षतिपूर्ती देने की बात भी हुई थी,मगर कोई सहायता न मिलने पर ,सम्बन्धित पीड़ित




किसानों द्वारा उपसंचालक कृषि उद्यानिकी सतना को शिकायती आवेदन दिया गया,जिस पर उपसंचालक ने जांच दल का गठन किया. जांच दल में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामनगर व अन्य ने मौके पर पहुंचकर,सैम्पलिंग की,जांच अधिकारी एसएचडीओ अमरेश मिश्रा ने बताया कि हमारे द्वारा जांच हेतु प्रयोगशाला को नमूने भेजे गए है,जिसकी रिपोर्ट आने में एक दो दिन लग सकता है,किसानों का नुकसान हुआ है,दवाई छिड़काव में क्या गफलत हुई,किसानों व दुकानदार के बयानो,नमूनों की जांच के आधार पर कार्यवाही होगी।

### किसानों ने किया क्षति दिलाए जाने की मांग

मैहर कलेक्टर को गोविन्दपुर तहसील के किसानों राजेश पटेल, दिनेश प्रसाद पटेल और महेश पटेल कहा है कि हमने अपनी निजी आराजी में प्याज की फसल लगाई तथा 60 दिन मेहनत कर फसल तैयार किया,खेत में घास होने पर 20 फरवरी 26 को रामनगर स्थित कृष्ण कुमार उर्फ राजू गुप्ता की दुकान से घास नाशी खरीदा जिसका बिल दुकानदार ने नहीं दिया। दवा डालने के 10 दिन बाद परी फसल सूखकर नष्ट हो गई। पंचनामे के अनुसार प्याज की फसल की कीमत लगभग 7 लाख रुपए बताई गई। आवेदन में क्षतिपूर्ती दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।



# कोटर तहसील के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन

## तहसीलदार के ना रहने पर कुत्ते को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**कोटर 31 मार्च, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि तथा क्षेत्र में जारी अवैध खनन के विरोध में कोटर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील कार्यालय के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने आरोप लगाया कि आम जनता महंगाई से परेशान है, वहीं क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। सभा के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी को ज्ञापन सौंपने तहसील कार्यालय पहुंचा, लेकिन उस समय तहसीलदार कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए एक कुत्ते को ही प्रतीकात्मक रूप से ज्ञापन सौंप दिया कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह प्रशासन की लापरवाही और जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा कांग्रेस आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने भाजपा सरकार पर पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है भाजपा सरकार पूर्ण रूप से खनन माफिया को हर तरह से संरक्षण देने में लगी हुई है पेट्रोल डीजल गैस के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं।कोटर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी त्रिपाठी ने शासन प्रशासन को चेतावनी दिया एवम कहा कि अगर समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमाशंकर पयासी, कार्यक्रम आयोजक लक्ष्मी त्रिपाठी, रामनारायण शुक्ला,अजीत सिंह, राजेंद्र मिश्रा,सत्यभान सिंह,संदीप सिंह,शिवशंकर गोंटियां ,संतोष कुशवाहा, रितेश त्रिपाठी,बबलू चूली,कामता पांडेय ,मुनेंद्र द्विवेदी ,हीरामन साकेत, संतोष यादव ,तनु मिश्रा, दशरथ सेन प्रकाश पाण्डेय अनुराग सिंह उमेश द्विवेदी, अवधेश तिवारी,रामसहोदार कुशवाहा,लखन सिंह, पदुम सिंह,पुष्पेंद्र त्रिपाठी, संतोष उर्मलिया,के के कुशवाहा, बाला गौतम काशी कुशवाहा नरेंद्र द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बांधा के अखिल पाण्डेय नायब तहसीलदार पद पर चयनित

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 31 मार्च, ग्राम पंचायत बांधा के निवासी अखिल पाण्डेय अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यूपीएससी परीक्षा में नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए हैं उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामपुर बाघेलान के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से लिया था।**

उनके नायब तहसीलदार के पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल अखिल पांडे ने बताया कि यह मेहनत आत्मविश्वास एवं निरंतर लगातार कड़ी मेहनत से हुआ और उन्होंने इतनी बड़ी उपलब्धि पर श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। श्री पांडे ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय रामपुर बाघेलान के पूर्व संस्थापक व्यवस्थापक स्वर्गीय त्रिलोचन प्रसाद त्रिपाठी की हार्दिक इच्छा थी,कि हम सभी अपने विद्यालय के भैया बहने प्रशासनिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें वह अपने उद्बोधन में हमेशा बच्चों को प्रेरित करते थे,आज हम उनके ही बताए मार्ग पर चल कर सफलता प्राप्त कर सकें हैं, उन्होंने क्षेत्र के युवा छात्र-छात्राओं से भी अनुरोध है,कि आपकी कड़ी मेहनत ही आपको सफलता दिला सकती है,और लगातार अध्ययन की ओर अग्रसर हो उनके इस सफलता पर लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है,रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह, विक्की



भैया पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह,पूर्व प्रत्याशी रमाशंकर पयासी,रोहित कान्त सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र निगम,वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह राठौड़, वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर त्रिपाठी,वरिष्ठ पत्रकार पीयूष पांडे, वरिष्ठ पत्रकार सतीश शुक्ला, राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकेश त्रिपाठी, पत्रकार मुकेश त्रिपाठी,पत्रकार संदीप गुप्ता, पत्रकार पुष्पराज कुशवाहा,पत्रकार विजय शर्मा,बांधा सरपंच सुधाकर शर्मा,पिता अनिल कुमार पांडे,माता सत्यभामा पांडे,बाबबा अमृतलाल पांडे,अंकित पांडे, विवेक त्रिपाठी, प्रशांत त्रिपाठी,सचिन त्रिपाठी,शिवम पांडे,अतुल पांडे,श्री राम बिहारी पांडे,श्री सच्चिदानंद पांडे, एवं आदि लोगों ने इंस्टाग्राम ट्विटर फेसबुक व्हाट्सएप के माध्यम से बधाई दी।

# भर्जुना मंडल में पं . दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित

नवभारत न्यूज

**जैतवारा 31 मार्च, भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष, पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के रैगांव विधानसभा के भर्जुना मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 गौरा पैलेस मेदनीपुर में संपन्न हुआ।**

उक्त प्रशिक्षण महाअभियान में मुख्य वक्ताओं के रूप में सुष्मिता सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियां एवं कार्य विस्तार तथा



विनोद तिवारी ने भाजपा का इतिहास एवं विकास के बारे में प्रथम दिवस कार्यकर्ताओं को अवगत कराया एवं डॉ श्री राम मिश्रा ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया इसके बाद कार्यकर्ताओं ने रात्रि विश्राम प्रशिक्षण स्थल पर किया । द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण महाअभियान के चौथे सत्र में संतोष कुमार गौतम ने कार्य पद्धति तथा वसुंधरा सिंह ने पांच में सत्र में वैचारिक अधिष्ठान तथा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक ने छठ वें सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात के बारे में बताया, सातवें सत्र में प्रियांशा उरमलिया ने सोशल मीडिया ए आई , नमो एप, संगठन एप के बारे में बताया एवं आठवां सत्र बालेंद्र गौतम ने राष्ट्रगान के गायन तथा प्रश्नोत्तरी के पश्चात प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ.


उक्त प्रशिक्षण महाअभियान के सर्व व्यवस्था प्रमुख विक्रम बहादुर सिंह, वर्ग संयोजक शिव कांत गौतम ,आकांक्षा विष्णु सिंह मंडल अध्यक्ष भर्जुना एवं समस्त पदाधिकारी संयोजक बूथ अध्यक्ष एवं कार्य कर्ता वर्ग को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मझगवां में होता है काले रंग के पानी की सप्लाई

नवभारत न्यूज

**मझगवां 31 मार्च, जनपद पंचायत मझगवां के मुख्यालय की ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत मझगवां के हर वार्ड में नल में गंदा पानी आता है क्योंकि टंकी की सफाई नहीं होती।**

जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नव से पानी योजना को पूरा हुए अभी ज्यादा दिन नहीं ,अभी से यह हालत हैं तो आगे क्या होगा समझा जा सकता है। ग्रामवासी गंदा काले रंग का और



प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं ?। ग्राम पंचायत के सरपंच से शिकायत करने पर उनका कहना है मेरी कोई जवाबदारी नहीं है उनका कहना है कि मैं क्या करूं इसी तरह का पानी आता है। राजकिशोर का कहना है कि जब हम लोग शिकायत करते हैं तो उससे कोई मतलब नहीं है ग्राम पंचायत के रहने वाले कहां जाए , यह आज दिनांक 31/3/2026 यह सप्लाई का पानी का चित्र है। इस पानी से बीमारियों के फैलने का खतरा है।

# न्यू एजुकेशन वैली इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 31 मार्च। मध्य प्रदेश 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा में न्यू एजुकेशन वैली इंटरनेशनल स्कूल चितरा रोड पीली कोठी, चित्रकूट, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया।**

विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण पांडे ने बताया विद्यालय के अनुशासन तथा पढ़ाई वातावरण के चलते यह सफलता प्राप्त हुई है विद्यालय के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



किया है जिनमें प्रमुख रूप से कक्षा 5वीं टॉपर्स- काव्या सिंह 375 अंक (93.75प्र.) प्रथम, अमन सिंह यादव 360 अंक (90प्र.) द्वितीय, पार्थ पटेल 345 अंक (86.25प्र.) तृतीय कक्षा 8वीं टॉपर्स- शांति देवी 543 अंक (90.5प्र.) प्रथम आशीष कुमार 528 अंक (88प्र.) द्वितीय, शिवाकांत त्रिपाठी 526 अंक (87.67प्र.) तृतीय रहे। सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ। अभिभावकों एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग सराहनीय है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में जनसुनवाई का आयोजन

नवभारत न्यूज

**मैहर 31मार्च। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मैहर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर चंचल नागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की गई।**

इस दौरान स्थानीय नागरिकों/महिलाओं ने अपनी समस्याएँ, शिकायतें और सुझाव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए। अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का



त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाएगा।

संबंधित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को शिकायतों के निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**नागौद 31 मार्च, ब्लॉक कांग्रेस सिंहपुर एवं नागौद कांग्रेस ने रसोई गैस,डीजल, पेट्रोल की किल्लत और बिजली बिल में वृद्धि सहित 5 सूत्रीय ज्ञापन एस डी एम आईएएस अनिकेत शांडिल्य, तहसीलदार प्रज्ञा दुबे को सौंपा।**

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रोहिणी लोधी जिला महामंत्री विनीत सिंह विनुनु एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी जिला महामंत्री प्रदेश कॉर्डिनेट विनोद कुशवाहा के तत्वाधान मे मांग




पत्र सौंपा गया जनपद सदस्य सीमा मनीष बागरी गुरवेंद्र सिंह सिंहपुर जीतू प्रभा बागरी केशरी लोधी प्रदेश कार्डिनेटर लतीफ खान अंजू डॉक्टर यज्ञ दत्त त्रिपाठी जुम्मन खान अंकित सिंह विष्णु पांडेय अध्यक्ष यूथ सत्तू कुशवाहा उपाध्यक्ष शिवबॉलक लोधी उपाध्यक्ष मंडी सुशील कुशवाहा अरुण सिंह रहीकवारा आशीष कपाड़िया रूपेश बागरी दिनेश सिंह सेवादल अध्यक्ष एड गोपाल सिंह आलोक गर्ग रामबालक पांडेय रामबालक दहिया योगेश लोधी रामभरीषि कुशवाहा मंजू माया चौधरी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर धनेह का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

नवभारत न्यूज

**सतना 31 मार्च, सरस्वती शिशु मंदिर धनेह विद्यालय कक्षा पांचवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा।**

जिसमें शिवांश तिवारी 92.25% प्रथम स्थान,सागर कुमार कोरी 87.25% द्वितीय स्थान,राशि कुशवाहा 86.25% तृतीय स्थान,नंदिका कुशवाहा 80.25% चतुर्थ स्थान ,अंकुश कुशवाहा 76.25% पंचम स्थान, रितिका कुशवाहा



75.25%,आशिक कुशवाहा 69.75%, अंकिता कुशवाहा 68.75%,आर्यन कुशवाहा 67.75% रहा । विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश तिवारी एवं विद्यालय परिवार भैया/बहिन को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं।




# बिरसिंहपुर तालाब के घाटों पर की गई सफाई

▸ जल गंगा अभियान के तहत जन भागीदारी से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 31 मार्च, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी के मार्गदर्शन में एवं नगर परिषद बिरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 31 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तालाब के विभिन्न घाटों पर स्वच्छता कार्यक्रम किया गया.**

नगर परिषद बिरसिंहपुर अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी प्रजापति पूर्व अध्यक्ष धनीराम प्रजापति पार्षद जितेन ताम्रकार एवं सब इंजीनियर सिद्धार्थ खरे एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना से प्रयोगशाला प्रभारी चीफ केमिस्ट डॉ राहुल द्विवेदी द्वारा जल संरक्षण हम सभी के जीवन का एक अमूल आधार है इसकी स्वच्छता और संरक्षण में हम सभी की हम भूमिका है इस तालाब के संरक्षण हेतु जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता अभियान समय-समय पर करते रहना चाहिए एवं आसपास स्थित नदी तालाब पोखरणों के साथ सफाई हुआ संरक्षण के विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ आम जानकी सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए साइंटिस्ट जीके बैग द्वारा पर्यावरण संरक्षण वर्षा ऋतु जल संवर्धन विषयों पर नुक्कड़ सभा पर अपनी बात रखी गई. राजकुमार मिश्रा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई स्वच्छता कार्यक्रम में जन भागीदारी के साथ-साथ मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना के रामदास पांडे , हरीश राय डॉ राजकरण गुप्ता उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सक डॉ गुलाब सेन के सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**सतना 31 मार्च, जिले के पिथौराबाद स्थित पशु चिकित्सालय (कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र )मे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलाब सेन के सेवानिवृत्त होने पर माल्यार्पण कर साल श्रीफल से सम्मानित भावभीनी विदाई दी गई।**

इस अवसर पर डॉ एपी सिंह उपसंचालक, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया, डॉ यूके गर्ग पूर्व उपसंचालक, डॉ एमके वर्मा, डॉ बृहस्पति भारती, डॉ प्रीतम सिंह, डॉ. मनीष कुमार, डॉ.अंकित निगम, डॉ वाल्मीक सिंह, एस के कठेल, एस के



शास्त्री,लालमणि पाण्डेय, जयराम चौधरी, डॉ आर सी सिंगरौल,शिवदयाल प्रजापति,आर बी बागरी, डीपी सिंह, एस के सिंह मैहर,अशोक सिंह,पीपी गौतम,दिनेश पटेल,वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया,गणेश मिश्रा कृषि विभाग,एचपी वर्मा,संदीप कुशवाहा,प्रियांशी मिश्रा, रत्नू सिंह, निधि सिंह,संदीप सिंह,सहित परिवारजन पुत्र रविप्रकाश, अखिला सेन,अरुण सेन, श्रीराम सेन,बाबूलाल सेन,रामसुदर्शन सेन ,रामविशाल सेन सहित विभागीय चिकित्सकों और कर्मियों ने भी उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते कुशल नेतृत्व को भी सराहा.

# मानसी गैस एजेंसी का हुआ निरीक्षण, होम डिलीवरी का दिया निर्देश

नवभारत न्यूज

**अमरपाट 31 मार्च, अमरपाटन क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर बढ़ते आक्रोश के बीच वा प्शासन की हों रही चौतरफा किरकिरी के चलते अंतत: एस डी एम को खाद्य अधिकारी को बुलाकर जांच करने वा होम डिलीवरी की स्थिति को जांचने टीम भेजनी पडी वा होम डिलीवरी का सख्त निर्देश भी देने पड़े.**

अब देखना होगा कि मानसी गैस एजेंसी संचालक पशासन के आदेश निरदेशों का कितना पालन करता हैं या यह निर्देश सिर्फ चाय नाश्ता तक ही सीमित होकर रह जायेगा गौरतलब हो कि गैस एजेंसी संचालिका के पति



के मनमानियों वा गृहको के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर समाचार पत्रों के साथ संयुक्त व्यापारी संघ द्वारा लगातार आवाज उठाई जाती रही है वा दिए गए ज्ञापन के बाद फूड अधिकारी ब्रजेश कुमार जंडिया ने मानसी गैस एजेंसी को तत्काल होम डिलीवरी शुरू करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। संयुक्त व्यापारी संघ ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन का ध्यान एजेंसी की मनमानी और अव्यवस्थित वितरण प्रणाली की ओर आकर्षित किया था।

संघ के इस कदम के बाद ही प्रशासन हरकत में आया और तुरंत कार्रवाई की गई। फूड अधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि सभी उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए और होम डिलीवरी व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए।

# ग्रामोदय विवि के इंजीनियर सीपी बस्तानी हुए सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 31 मार्च, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की निर्माण इकाई में पदस्थ इंजीनियर श्री सी.पी. बस्तानी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात् विश्वविद्यालय की सेवाओं से सेवानिवृत्त हो गए।**

इस अवसर पर निर्माण इकाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महर्षि वाल्मीकि सभागार में उनका भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्वयं इंजीनियर सी.पी. बस्तानी रहे, जबकि उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति बस्तानी एवं सुपुत्री डॉ. हेमलता विशिष्ट



अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय, पूर्व कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा तथा अधिष्ठाता प्रो. अमरजीत सिंह मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संयोजन इंजीनियर रमाकांत त्रिपाठी एवं डॉ. (इंजी.) धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया। आत्मीय एवं सम्मानपूर्ण इस समारोह में विश्वविद्यालय परिवार द्वारा श्री बस्तानी को पुष्पगुच्छ, मालाएं, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन अत्यंत भावुक एवं यादगार बन गया।

अपने उद्बोधन में श्री बस्तानी ने सहकर्मियों के सहयोगी एवं आत्मीय व्यवहार की सराहना की। वर्ष 1991 में विश्वविद्यालय में अपनी नियुक्ति से लेकर संस्थान की सतत विकास यात्रा को स्मरण करते हुए वे भावुक हो उठे। उनकी धर्मपत्नी एवं सुपुत्री भी इस अवसर पर भावुक होते हुए गर्व और प्रसन्नता व्यक्त करती नजर आईं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि श्री बस्तानी के प्रति व्यक्त की जा रही प्रशंसा उनके उत्कृष्ट व्यक्तित्व एवं कृतित्व का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी श्री बस्तानी का विश्वविद्यालय से आत्मीय संबंध बना रहेगा।

### कलश यात्रा का ग्रामोदय में भव्य स्वागत



गायत्री परिवार द्वारा संचालित "आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में पहुंची पवित्र कलश यात्रा का गरिमामय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे द्वारा विधि-विधान से कलश पूजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में गायत्री परिवार के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ एक सार्थक एवं प्रेरणादायी विमर्श आयोजित किया गया। विमर्श के दौरान आध्यात्मिकता, संस्कार निर्माण, तथा समाज के समग्र विकास में शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के स्थानीय प्रमुख डॉ. राम नारायण त्रिपाठी ने कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे एवं कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय को गायत्री परिवार की ओर से गायत्री साहित्य और फोल्डर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं उत्साह से ओतप्रोत रहा।